य एषु सुप्तेषु जागर्ति | वर्ष 3 | अंक 327 | पृष्ठ 18 (14+4) | मूल्य 5.00 | झुंझुनूं, बुधवार, 3 सितम्बर, 2025 | भाद्रपद शुक्ल पक्ष एकादशी संवत् 2082

राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित

राजस्थान पत्रिका

आज के अंक के साथ परिवार — संस्कारदात्री गुरु है मां

सुपर फास्टः नंबर-1 सिनर की इस साल दूसरी सबसे तेज जीत @स्पोर्ट्स & गेमिंग

एससीओ की गूंज अब तक, ट्रंप के सलाहकार बोले- भारत हमारे साथ आए @अंतिम पेज

जीएसटी काउंसिल बैठक आज सेः लोगों को मिलेगा लाभ या मुनाफाखोरों की चांदी? @बिजनेस & वेल्थ

हिन्दी विश्व स्तर पर बन रही सहज अभिव्यक्ति की भाषा

पिलानी. केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीरी) में हिंदी पखवाड़े का उद्घाटन मंगलवार को हुआ। संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के डॉ. विजय चटर्जी एवं वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी रमेश बौरा के आतिथ्य में कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ। अतिथियों ने हिन्दी की विश्व स्तर पर बढ़ती साख पर खुशी जताई तथा समय के साथ विश्व स्तर पर सहज अभिव्यक्ति के लिए लोगों द्वारा अपनाई जा रही हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार से जुड़ी जानकारी दी। हिन्दी पखवाड़े में क्विज, लेखन, संभाषण कविता पाठ वाद विवाद सहित कई आयोजन होंगे। संयोजक ने बताया कि मंगलवार को समसामयिक घटनाओं पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेताओं को मौके पर ही पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। हिन्दी पखवाड़े के विजेताओं को हिंदी दिवस पर आयोजित होने वाले समारोह में संस्थान निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।